तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

आज़ादी का अमृत महोत्सव




अप्रैल 2022

# शाला ध्वनि

विशेषांक

- जब मैं आपसे जुड़ता हूं तो मुझे आपकी आकांक्षाओं और सपनों की झलक मिलती है और मैं अपने जीवन को उसके अनुसार ढालने की कोशिश करता हूं। इसलिए, यह कार्यक्रम मुझे आगे बढ़ने में मदद करता है।

- बिना किसी तनाव के उत्सव के मूड में परीक्षा के लिए उपस्थित हों।

- प्रौद्योगिकी को एक अवसर के रूप में लें, चुनौती के रूप में नहीं।

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लिए परामर्श विस्तृत रहा है। इस पर पूरे भारत के लोगों से सलाह ली गई।

- 20वीं सदी की शिक्षा प्रणाली और अवधारणा 21वीं सदी में हमारे विकास पथ को निर्धारित नहीं कर सकती। हमें समय के साथ बदलना होगा।

- शिक्षकों और अभिभावकों के अधूरे सपनों को छात्रों पर नहीं थोपा जा सकता। बच्चों के लिए अपने सपनों को पूरा करना महत्वपूर्ण है।


- प्रेरणा के लिए कोई इंजेक्शन या फॉर्मूला नहीं है। इसके बजाय, अपने आप को बेहतर तरीके से खोजें और पता करें कि आपको किससे खुशी मिलती है और उस पर काम करें।

- वही करें जो आपको पसंद हो और तभी आपको अधिकतम परिणाम मिलेगा।

- आप एक विशेष पीढ़ी के हैं। हां, प्रतिस्पर्धा ज्यादा है लेकिन मौके भी ज्यादा हैं।

- बेटी परिवार की ताकत होती है। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में हमारी नारी शक्ति को उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देखने से बेहतर और क्या होगा।

- दूसरों के गुणों की सराहना करने और उनसे सीखने की क्षमता विकसित करें।



परीक्षा पे चर्चा-2022

# शाला ध्वनि

## विशेषांक

कन्द्रीय विद्यालय संगठन (मु.), नई दिल्ली
Kendriya Vidyalaya Sangathan (HQ), New Delhi

© Kendriya Vidyalaya Sangathan

Shaala Dhwani Newsletter

Special issue based on Pariksha Pe Charcha-2022

e-Book

| | |
|---|---|
| Patron: | Nidhi Pandey, Commissioner, KVS (HQ) |
| Editor: | N.R. Murali, Joint Commissioner (Trg), KVS (HQ) |
| Editorial In-charge: | Sachin Rathore, Assistant Editor, KVS (HQ) |
| Designed by: | 3P Outlines (www.3poutlines.com) |

e-published by Piya Thakur, Joint Commissioner (Acad) on behalf of Kendriya Vidyalaya Sangathan.

Readers can send their comments and suggestions through e-mail at: shaaladhwani@gmail.com

# Index


| S.No | Title | Page No. |
|---|---|---|
| I | प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन के प्रमुख अंश | 04 |
| II | मंच संचालक बच्चों को खूब बधाई | 09 |
| III | प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विद्यार्थियों की कला और नवाचार को सराहा | 14 |
| IV | विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विशेष क्षण | 18 |
| | **अभिव्यक्तियां** | 19 |
| 1 | Narendera Modi Ji: A Teacher for All Seasons | 21 |
| 2 | A LETTER TO EXAMINATION | 22 |
| 3 | Examtival | 25 |
| 4 | परीक्षा पड़ाव है | 26 |
| 5 | 'परीक्षा पे चर्चा' ने सिखाया चुनौतियों का सामना करना | 29 |
| 6 | Exam Stress Management Strategies During Covid- 19 | 30 |
| 7 | नई दुनिया दिखाई है | 33 |
| 8 | परीक्षा पे चर्चा- 2022 | 34 |
| 9 | एक परीक्षार्थी का पत्र परीक्षा के नाम | 36 |
| 10 | Inspirational Quotes by Honorable Prime Minister | 39 |
| 11 | परीक्षा की तैयारी | 40 |
| 12 | परीक्षा पे चर्चा - दोहे | 43 |
| 13 | PPC-2022: What we can Learn | 44 |
| 14 | आओ परीक्षा पर्व मनाएँ | 47 |

| S.No | Title | Page No. |
|---|---|---|
| 15 | Examination | 48 |
| 16 | जीवन ही एक परीक्षा है | 49 |
| 17 | गुणों के पुजारी बनें | 51 |
| 18 | A must watch show | 52 |
| 19 | 'शिक्षा का मूल्यांकन है परीक्षा | 53 |
| 20 | अब हँसकर के एग्जाम लिखें | 55 |
| 21 | "Exams Are Like Festivals, Celebrate It" | 56 |
| 22 | Exams Are Festivals | 58 |
| 23 | Eye of the Bird | 59 |
| 24 | परीक्षा उत्सव | 62 |
| 25 | Do not fear when our PM is here | 64 |
| 26 | मन को इक विश्वास मिले | 66 |
| 27 | HOW HAS 'Pariksha Pe Charcha' Helped Me | 67 |
| 28 | Ease your Exam Stress | 69 |
| 29 | The crusade of The Exam Warriors | 70 |
| 30 | परीक्षा पे चर्चा से मिलने वाली सीख | 73 |
| 31 | ताल ठोकता प्रश्न | 74 |
| 32 | Exams are near, Drive away fear! Usher in cheer, PPC is here! | 75 |
| 33 | Exam | 77 |

| S.No | Title | Page No. |
|---|---|---|
| 34 | परीक्षा की बात प्रधानमंत्री जी के साथ | 78 |
| 35 | मेरी किताब | 80 |
| 36 | PM Sir's Class: Pariksha Pe Charcha | 81 |
| 37 | अंधकार में एक ज्योति जगाता 'परीक्षा पे चर्चा | 83 |
| 38 | Pariksha Pe Charcha: A significant step towards a strong Nation | 86 |
| 39 | The Phase of Scrutiny | 87 |
| 40 | डरो न परीक्षा से कभी, यह तो है त्योहार | 89 |
| 41 | Excellence is not being the best is doing your best | 91 |
| 42 | सफलता के मंत्र | 92 |
| 43 | The Worried Warrior | 95 |
| 44 | Let go of those Stomach butterflies | 96 |
| 45 | Why are we scared? | 98 |
| 46 | बच्चों ने बहुत कुछ पाया | 101 |
| 47 | परीक्षा | 102 |

I

# परीक्षा पे चर्चा-2022
## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन के प्रमुख अंश

दिनांक 1 अप्रैल 2022 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 'परीक्षा पे चर्चा' के पांचवें संस्करण को संबोधित करते हुए देश भर के विद्यार्थियों के साथ रु-ब-रु हुए। नई दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में स्कूली विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री ने न केवल परीक्षा के महत्वपूर्ण टिप्स दिये, बल्कि बच्चों के जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन से पूर्व केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंन्द्र प्रधान ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए कार्यक्रम में जुड़ने के लिए सभी विद्यार्थियों का अभिनंदन किया और उन्हें आगामी परीक्षाओं की शुभकामनाएं दीं। परीक्षा पे चर्चा-2022 के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन के प्रमुख अंश यहां प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

### परीक्षा पे चर्चा क्यों?

"कुछ लोगों को लगता होगा कि मैं परीक्षा पे चर्चा क्यों करता हूं? एग्जाम के बारे में तो टीचर ने बहुत कुछ समझा दिया होगा। लेकिन इस चर्चा से आपको लाभ होता है कि नहीं होता मुझे नहीं मालूम, लेकिन मेरा बहुत लाभ होता है। जब मैं आपके बीच आता हूं तो 50 साल छोटा हो जाता हूं। मैं आपकी उम्र से कुछ सीख करके बढ़ने की कोशिश करता हूं। मैं आपके साथ जुड़ने के कारण आपके मन को समझता हूं, आपकी आशा-आकांक्षाओं को समझता हूं, मेरी जिंदगी को उसमें ढालने की कोशिश करता हूं और इसलिए यह कार्यक्रम मुझे बनाने में काम आ रहा है, मेरे सामर्थ्य को बढ़ाने में काम आ रहा है।"



## रीडिंग करते हैं या रील देखते हैं?

"अपने आपसे पूछिए जब आप ऑनलाइन पढ़ते हैं तब रीडिंग करते हैं या रील देखते हैं। हकीकत में दोष ऑनलाइन या ऑफलाइन का नहीं। आपने अनुभव किया होगा कि आपका शरीर क्लासरूम में हैं आपकी आंखें टीचर की तरफ हैं लेकिन कान में एक भी बात नहीं जाती होगी, क्योंकि मन कहीं और है। ऐसे में सुनना ही बंद हो जाता है। जो चीजें ऑफलाइन होती है, वही चीज ऑनलाइन भी होती है। ऐसे में माध्यम समस्या नहीं है, मन समस्या है। माध्यम ऑनलाइन हो या ऑफलाइन अगर मन उसमें डूबा हुआ है तो आप कभी भटकेंगे नहीं।"

## देश के भविष्य के लिए बनी नेशनल एजुकेशन पॉलिसी

"शायद ही दुनिया में कहीं शिक्षा नीति निर्धारण में इतने लोगों को इन्वॉल्मेंट हुआ होगा, ये अपने आप में वर्ल्ड रिकॉर्ड है। 2014 से हम इस काम पर लगे थे। 7 साल तक खूब ब्रेन स्टॉर्मिंग हुआ। शहर से लेकर गांव तक सबसे विचार और विमर्श हुआ। देश के विद्वानों से चर्चा की गई है। साइंस और टेक्नोलॉजी से जुड़े लोगों के नेतृत्व में इसकी चर्चा हुई। एक ड्राफ्ट तैयार हुआ और उस ड्राफ्ट को फिर लोगों में भेजा गया, जिस पर 20 लाख तक इनपुट आए। उसके बाद एजुकेशन पॉलिसी आई है। यह मेरे लिए खुशी की बात है, कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी का हिंदुस्तान के हर तबके में पूरे जोश से स्वागत हुआ। इसलिए इस काम को करने वाले सब, अभिनंदन के अधिकारी हैं। लाखों लोगों ने इसे तैयार किया ना कि सरकार ने। ये नीति देश के भविष्य के लिए बनाई गई है।"

## परीक्षा जीवन का सहज हिस्सा

"आप पहली बार तो एग्जाम नहीं दे रहे हैं, आप कई परीक्षाएं दे चुके हैं। इतना बड़ा समंदर पार करने के बाद किनारे पर पहुंचने पर डर हो, ये ठीक नहीं है। परीक्षा जीवन का एक सहज हिस्सा है। इस पड़ाव से हमें गुजरना है और हम अच्छे से गुजरेंगे। हम कई बार एग्जाम दे चुके हैं। एग्जाम देते-देते अब हम एग्जाम प्रूफ हो चुके हैं। अपने परीक्षा के अनुभवों को अपनी ताकत बनाएं। आप इस दबाव में ना रहें कि आपसे कुछ छूट रहा है। जितनी सहज दिनचर्या आपकी रहती है। उतनी ही सहज दिनचर्या में आप आने वाले परीक्षा के दिनों को भी बिताएं।"



## 20वीं सदी की नीतियों से 21वीं सदी में नहीं जी सकते

“क्या हम 20वीं सदी की नीतियों के साथ 21वीं सदी का निर्माण कर सकते हैं? हम पुरानी सोच, पुरानी नीति के साथ कभी आगे नहीं बढ़ सकते हैं। हमें 21वीं सदी के अनुकूल अपनी सारी व्यवस्थाओं को सारी नीतियों को ढालना होगा।”

## ‘खेलोगे’ तो ‘खिलोगे’

“पहले हमारे यहां खेलकूद को एक्स्ट्रा करिकुलम माना जाता था, लेकिन नेशनल एजुकेशन पॉलिसी में इसे शिक्षा का हिस्सा बनाया गया है। खिलने के लिए खेलना बहुत जरूरी है। बिना खेले कोई खिल नहीं सकता। टीम स्पिरिट आती है, साहस आता है। जो काम हम घंटों पढ़कर किताबों से सीखते हैं, वह खेल के मैदान में आसानी से सीख सकत  हैं।”

## अपनी आशा-अपेक्षा बच्चों पर ना थोपें

“मैं पैरेंट्स और टीचर्स को जरूर कहूंगा कि आप अपने अधूरे सपने बच्चों पर ना थोपें। आप अपने मन की बातों को, अपने सपनों को, अपनी अपेक्षाओं को, अपने बच्चे में इंजेक्ट करने की कोशिश करते हैं। चाहे पैरेंट्स हों या टीचर जब  तक हम बच्चे की शक्ति, उसकी सीमाएं, उसकी रुचि और प्रवृत्ति, उसकी अपेक्षा और आकांक्षा को बारीकी से नहीं देखते तो बच्चे लड़खड़ा जाते हैं। अपने मन की आशा-अपेक्षा को बच्चों पर ना थोपें। आपको ये मानना होगा कि, बच्चे को परमात्मा ने किसी विशेष शक्ति के साथ भेजा है, ऐसे में ये आपकी (टीचर और पैरेंट्) कमी है कि आप उसको पहचान नहीं पा रहे हैं।”

## मोटिवेशन का कोई इंजेक्शन नहीं

“लोग सोचते हैं कि मोटिवेशन का कोई इंजेक्शन मिल जाए तो काम बन जाए। लेकिन ये गलत सोच है। पहले उन बातों को सोचें कि ऐसी कौनसी बातें हैं जिससे आप डीमोटिवेट हो जाते हैं। खुद को जानना और उसमें भी वो कौनसी बातें है जो मुझे हताश और निराश कर देती हैं। उसको एक बार नंबर बॉक्स में डाल दें। फिर आप कोशिश कीजिए, जो सहज रूप से आपको मोटिवेट करती हैं। उनको पहचान लें। बार-बार किसी को ये मत कहो कि मेरा मूड नहीं। इससे आप में वीकनेस पैदा होगी। आपको सिम्पेथी की जरूरत महसूस होगी। ये कमजोरी आप में विकसित होती जाएगी। कभी भी सिम्पेथी पाने की ओर ना बढ़ें। जो निराशा आएगी उससे मैं खुद लड़ूंगा और इसको मैं खुद मात दूंगा। ये विश्वास अपने आप में पैदा करें।”



## कॉम्पटीशन जीवन की सबसे बड़ी सौगात है

"कॉम्पटीशन को निमंत्रण दें। क्योंकि प्रतियोगिता नहीं होगी तो जिदंगी नीरस हो जाएगी। अगर कोई चुनौती ही नहीं तो फिर जीवन में क्या रंग। कॉम्पटीशन ज्यादा है तो अवसर भी अनेक हैं। जो रिस्क लेता है, नए प्रयोग करता है वो आगे बढ़ता है। हमें गर्व करना चाहिए हम इतनी प्रतिस्पर्धा के बीच खुद को प्रूव कर रहे हैं। हमारे पास स्पर्धा की कई चॉइस हैं। हम इसको अवसर मानें और ये सोचें कि मैं इस अवसर को छोडूंगा नहीं।"

## आप सबसे भाग्यवान जेनरेशन

"आप ऐसी भाग्यवान जेनरेशन से हैं जो भाग्य आपके पहले की किसी भी जेनरेशन को इतनी बड़ी मात्रा में कभी नहीं मिला। वो है अनेक चॉइस। आज कॉम्पटीशन ज्यादा है तो चॉइस भी ज्यादा है, अवसर भी अनेक हैं। पिछली पीढ़ी के पास इतने अवसर नहीं थे। इसलिए कॉम्पटीशन को एक सुअवसर मानकर उसक सदुपयोग करें।"

## परीक्षा के नाम एक पत्र लिखें

"क्या आपने कभी खुद की परीक्षा ली है। आप एग्जाम के नाम एक लेटर लिखें, अपनी तैयारियों के बारे में लिखें। परीक्षा से कहें तुम कौन होते हो मेरा एग्जाम लेने वाले मैं तुम्हारा एग्जाम लूंगा। यानी अपनी परीक्षा खुद लें।"

## बातों का रिप्ले करें, नई चीजें समझने में आसानी होगी

"टीचर से जो सीखा है, उसे खुद टीचर बनकर तीन दोस्तों को सिखाएं। फिर वो दोस्त अपने तीन दोस्तों को सिखाएंगे। जब आप रिप्ले करेंगे तो आपको कई नई चीजें समझ में आने लगेंगी।"



## स्वच्छ भारत अभियान की सफलता का श्रेय देश के बालक-बालिकाओं को

“अच्छी परीक्षा के लिए अच्छे पर्यावरण की जरूरत होती है। धरती हमारी मां है। हमें अपने आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ रखना जरूरी है। स्वच्छ भारत अभियान की सफलता का बहुत बड़ा श्रेय हमारे बच्चों को जाता है। आज पूरा विश्व ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण परेशान है। इसका कारण है संसाधनों का गलत इस्तेमाल। हमारा दायित्व है संसाधनों का संरक्षण करना। जो संसाधन हमें हमारे पुर्वजों ने दिये, आनेवाली पीढ़ी के लिए इन संसाधनों को बचाना हमारा दायित्व है।”

## बेटियों के सामर्थ्य को मिल रही पहचान

“जो समाज बेटियों के सामर्थ्य को जानने में पीछे रह गया, वह समाज कभी आगे नहीं बढ़ सकता। बेटी हर परिवार की ताकत बन गई है। बेटियों को अवसर दें। आज लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों से आगे बढ़ रही हैं, अच्छा कर रही हैं। ऐसी कई बेटियां हैं जिन्होंने अपने माता-पिता की सेवा में जिदंगी खपा दी, जो कार्य बेटा नहीं कर सका वह बेटी ने कर दिखाया। आज हर परिवार के लिए बेटी एक ऐसेट बन गई हैं। कुछ प्रोफेशन तो ऐसे हैं जिनमें हमारी बेटियों ने ही अपना वर्चस्व बनाया हुआ है, जैसे टीचिंग, नर्सिंग में बेटियों का दबदबा है। मुझे प्रसन्नता है कि समाज में बेटे-बेटी का भेद काफी हद तक समाप्त हो रहा है।”



II

## मंच संचालक बच्चों को खूब बधाई


परीक्षा पे चर्चा-2022 का मंच संचालन केन्द्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय के पांच विद्यार्थियों ने किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान इन विद्यार्थियों ने अपने अद्‌भुत वाक् कौशल और आत्मविश्वास का परिचय दिया। मंच संचालन इतने कुशल ढंग से किया गया कि स्वयं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यक्रम के समापन पर पांचों बच्चों को एक साथ मंच पर बुलाया, उनकी प्रशंसा की और उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी ने सभी बच्चों को अपने ऑटोग्राफ भी दिये।




मंच संचालन करने वाले पांच विद्यार्थियों के नाम:

1. कु. ग्रेसी सिंह राठौर, केन्द्रीय विद्यालय क्रं. 1, एएफएस गुरुग्राम
2. कु. जिया श्रीवास्तव, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय विद्यालय, राष्ट्रपति संपदा
3. कुमार सृजन वर्मा, केन्द्रीय विद्यालय गोल मार्केट, नई दिल्ली
4. कु. पद्मा अंगमो, नवोदय विद्यालय लेह
5. कुमार देवांग बृजवासी, नवोदय विद्यालय नैनीताल

*मैं सभी एनाउंसर्स को बधाई देना चाहता हूं। इन सब ने इतने बढ़िया तरीके से कार्यक्रम को कंडक्ट किया है, कहीं पर भी आत्मविश्वास की कमी नजर नहीं आई। मैं बराबर ऑब्जर्व कर रहा था। ऐसा सामर्थ्य यहां बैठे हर एक बालक में है।, जो टीवी पर देखते होंगे उनमें भी होगा और जो नहीं देखते होंगे, उनमें भी होगा। सचमुच जीवन में आनंद की अनुभूति करनी है तो अपने आप में एक क्वालिटी विकसित करें। प्रयास। अगर उस विधा को हम अपने अंदर विकसित करेंगे तो हमेशा आनंदित रहेंगे और वह है गुणों के पुजारी बनना। इससे सामने वाले को तो ताकत मिलती ही है हमें भी ताकत मिलती है। तब हमारा स्वभाव बन जाएगा कि जहां भी देखेंगे अच्छी चीजों को ऑब्जर्व करेंगे। उसको हम स्वीकार करने का प्रयास करें, खुद को उस में ढालने का प्रयास करें, इनोवेट करने का प्रयास करें, जोड़ने का प्रयास करें।*





*प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मंच संचालक बच्चों को दिये ऑटोग्राफ*





## एक अविस्मरणीय अनुभव एवं उपलब्धि

देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुरू किया गया 'परीक्षा पे चर्चा' का यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के प्रति उनके स्नेह एवं दूरदर्शिता को दर्शाता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से मेरे जैसे लाखों बच्चों के तनाव एवं सवालों का प्रधानमंत्री जी ने बड़ी ही सरलता से समाधान प्रस्तुत किया। उन्हें सुनना हमेशा एक सुखद एहसास होता है। जब वे बात करते हैं तो ऐसे लगता है जैसे किसी प्रिय मित्र से बात हो रही हो। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का संचालन, वह भी आदरणीय प्रधानमंत्री जी के समक्ष, यह अनुभव मेरे जीवन का एक अविस्मरणीय सुखद संयोग है और उपलब्धि भी। मैंने उनसे यह प्रेरणा ली कि कैसे जिंदगी में हर पड़ाव को सफलता के साथ पार करें और एक नया मुकाम हासिल करें।

**जिया श्रीवास्तव**
**मंच संचालक, परीक्षा पे चर्चा 2022**
**कक्षा-12**
**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय विद्यालय राष्ट्रपति संपदा**



## It was very inspirational for me to get praised by Hon'ble Prime minister

I am really grateful to host such a prestigious programme of Pariksha Pe Charcha. It was a great experience to be in company of the charismatic, dynamic and visionary leader Shri Narendra Modi Ji, Hon'ble Prime Minister of our Country, I always adored and followed. I had a wonderful interactive time spent with Mr. PM during the entire session. It was very inspirational for me to get praised by him and to listen to his influential words. I would like to express my heartiest gratefulness to my school K.V. Gole Market for giving me such wonderful opportunity and considering me worthy of this. I received loads of appreciation for my work and returned with bag full of memories.

**Srijan Verma**
**Compere PPC - 2022**
**Class-XII**
**KV Gole Market**



## A dream which came true unexpectedly

Through our School and media, I came to know that the Hounorable Prime Minister Sh. Narendra Modi will intereact with students during the programme 'Pariksha Pe Charcha-2022'. It was my intense desire to attend the most awaited programme, but to my surprise, I got a chance to be on the stage of the 'Pariksha Pe Charcha' to interact with Honourable Prime Minister on 01.04.2022. Hounourable Prime Minister, inspite of being the strongest personality of the world was very friendly and amicable with students. With his unique oratory he removed the stress of exams from the mind of students. As he himself is optimistic, hardworking and the herald of the persistent progress, he guided students to remain stress free, hardworking and optimistic. His remark about gender equality was a boost to the girl students, he invoked everyone to remain physically fit, this statement was a matter of exhilaration to me as I am a sports person and strongly believe in the importance of physical fitness. I have deeply motivated with the words of the ideal personality and want to follow his footsteps throughout my life. Overall, my experience of meeting the Hounourable Prime Minister was like a dream which came true unexpectedly.

**Gracy Singh Rathore**
**Compere PPC -2022**
**Class XII**
**KV No. 1 AFS Gurugram**




परीक्षा पे चर्चा-2022 में माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता एवं शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान का स्वागत उद्बोधन




परीक्षा पे चर्चा-2022 में प्रतिभाग करने वाले केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता श्रीमती अनीता करवल और आयुक्त, के.वि.सं. श्रीमती निधि पांडे।

III

# प्रधानमंत्री द्वारा विद्यार्थियों की कला और नवाचार को सराहा गया

परीक्षा पे चर्चा-2022 को संबोधित करने से पहले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तालकटोरा स्टेडियम के अंदर प्रदर्शनी स्थल पहुंचे जहां केन्द्रीय विद्यालयों और नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थी अपनी कलात्मक और नवाचार से जुड़ी प्रस्तुतियां लेकर उपस्थित थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बारी-बारी से सभी स्टॉल्स का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों से बातचीत की।





केन्द्रीय विद्यालय साबरमती गुजरात में **कक्षा 11** के विद्यार्थी **अनुराग पांडा** और **किंग्शुक यादव** प्रधानमंत्री जी को अपने 3डी प्रिंटर पर कार्य करके दिखाया। प्रदर्शनी में उपस्थित सभी जन उस समय हैरान रह गये जब प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इन दोनों विद्यार्थियों से उन्हीं के द्वारा तैयार किये गये मन की बात रेडियो के 3D मॉडल पर ऑटोग्राफ लिये। प्रधानमंत्री जी ने बड़े प्यार से इस रेडियो को अपने पास सहेज कर रख लिया और दोनों विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दीं।




केन्द्रीय विद्यालय कोट्टायम में **कक्षा 11** और **कक्षा 7** में पढ़ने वाली दो बहनें **नंदिता डी** और **निवेदिता डी** अपनी वैदिक गणित की उपलब्धि लेकर प्रधानमंत्री जी के समक्ष प्रस्तुत हुईं। इन दोनों बहनों ने लॉकडाउन के दौरान विद्यार्थियों के बीच वैदिक गणित के प्रति रुचि विकसित करने और उन्हें पढ़ाने का ऑनलाइन कार्य किया। विद्यार्थियों से मिलने वाली मानद राशि को इन बहनों ने पीएम केयर फंड में जमा कराया।



केन्द्रीय विद्यालय जामताड़ा में **कक्षा 10** के विद्यार्थी **शुभम माझी** ने अपने चित्रों के माध्यम से भारतीय लोक कला एवं ग्रामीण प्राकृतिक सौन्दर्य को जल रंगों द्वारा दर्शाया। उन्होंने ये सभी चित्र कोरोना काल के दौरान स्वयं को प्रफुल्लित एवं प्रसन्न रखने के लिए बनाये थे।




केन्द्रीय विद्यालय क्रं. 1 रीवा में **कक्षा 9** के विद्यार्थी **हर्ष बाजपेयी** ने अपनी स्वनिर्मित हेल्थ डिवाइस प्रदर्शनी में प्रस्तुत की। इस डिवाइस के माध्यम से शरीर के तापमान व पल्स रेट की जानकारी मिलती है। इसके अलावा विश्व के किसी भी कोने में बैठा व्यक्ति मोबाइल, ई-मेल और ऐप के जरिए इसे देख सकता है।



केन्द्रीय विद्यालय क्रं. 3 भुवनेश्वर में **कक्षा 12** के विद्यार्थी **पी नितीश कुमार** अपने ऑइल पेस्टल कार्यद्व, पेंसिल स्केच और कुछ पारंपरिक पेंटिंग लेकर प्रस्तुत हुए। उन्होंने अपने क्राफ्ट वर्क के माध्यम से 'Waste to Best' मॉडल भी दिखाए।



केन्द्रीय विद्यालय कपूरथला में **कक्षा 12** की विद्यार्थी कु. **मून वर्मा** ने प्रधानमंत्री जी को अपनी ग्रेफाइट और चारकोल की पेंटिंग्स दिखाईं और उनके बारे में जानकारी दी।



केन्द्रीय विद्यालय जमुना कोलोरी में **कक्षा 12** की विद्यार्थी **रिया विश्वकर्मा** ने प्रधानमंत्री जी के सम्मुख त्रिआयामी मूर्ति प्रस्तुत की, जो मास्क की उपयोगिता एवं महत्ता को प्रदर्शित करती थी।




केन्द्रीय विद्यालय गढ़वर, झारखंड में **कक्षा 10** के विद्यार्थी **आर्यन कुमार** ने प्रधानमंत्री जी के समक्ष ब्लूटूथ कंट्रोल्ड मोबाइल सर्विंग टेबल प्रस्तुत की। कोविड काल के दौरान आर्यन द्वारा बनाये गये सर्विंग टेबल मॉडल को ब्लुटूथ के माध्यम से मोबाइल से जोड़कर नियंत्रित किया जा सकता है। इस टेबल से कोविड मरीज को आवश्यक सामाग्री (जैसे खाना-पानी, दवाइयाँ आदि), मरीज़ के संपर्क में आए बिना ही मरीज़ तक भेजी जा सकती हैं, जिससे मरीज़ के परिवार के अन्य सदस्यों में कोविड संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है।

IV

## विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विशेष क्षण

परीक्षा पे चर्चा 2022 में अपने उद्बोधन के उपरांत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दर्शकों के बीच बैठे विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों से कार्यक्रम में भाग लेने आए विद्यार्थियों के पास पहुंचे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से बातचीत की और उनका कुशलक्षेम पूछा। देश के प्रधानमंत्री से मिलकर ये सभी विद्यार्थी अत्यंत उत्साहित नजर आए। विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री श्री मोदी के इन भावुक क्षणों की कुछ झलकियां:







# अभिव्यक्तियां

## 1. NARENDRA Modi JI: A TEACHER FOR ALL SEASONS

Narendra Modi ji, to me, Is like a spring
Who nurtures new green sprouts
Encourage and leads them
Whenever they have doubts

Narender Modi ji to me, Is like a summer
Whose sunny temperament
Makes studying a pleasure
Preventing discontentment

Narender Modi ji, to me, Is like a fall
With methods crisp and clear
Lessons of bright colours
And a happy atmosphere

Narender Modi ji, to me, Is like a winter
While it's snowing hard outside
Keeping students comfortable
As a warm and helpful guide

Narender Modi ji, you do all these things
With a pleasant attitude
You're a teacher for all season
And you have my gratitude!

**Madiya Murtaza**
**Class-X**
**KV Baramulla**

## 2. A LETTER TO EXAMINATION

Dear Exams,

I have known you for more than half my life, long enough to call you one of my oldest friends. Yet our interactions have been overly complicated. The only reason it sustained was due to the intervention of my school. I do not find this an ideal basis for our relationship, which surely will go on for quite some time in the future. In short, I wish to clear the air between us.

I am referring to you in singular, because, even though I have met multiple versions of yourself in my life, they were all in essence the same entity: a unified force causing mass panic. Why did I find you so repellent? I don't know. Perhaps it was not your fault; simply the way I was made to perceive you. Our bond was not always bitter, indeed, sometimes you made me feel as though I were walking on air, unstoppable and unbeatable. Then again you brought me down on my knees, sending me down in doldrums for weeks. I think I have by now surmised all the facets of our relationship that ultimately brought me to resent you.

In the past few years, however, I have started re-examining my feelings about yourself. It has occurred to me that perhaps I had judged you too harshly. This epiphany did not come to me spontaneously, rather it came after watching Prime Minister Narendra Modi ji's yearly Pariksha Pe Charcha. Since 2018, we have been watching this program live from our school. I must admit, Pariksha Pe Charcha changed my mindset regarding the topic of handling examinations in some important ways. I realized what I should have realized a long time before: that many of the "truths" of life vary with perspective. It is as we learn in Physics, a change in the frame of reference can cause a change in the observations. Pariksha Pe Charcha taught me to change my perspective about you. I am beginning to regard you as a source of joy, rather than anxiety. Although this shift will take time, I have already started to see you in a different light.

The competition and stress generally generated by thought of your arrival is now being replaced by a sense of excitement and anticipation, similar to the way we eagerly await our favourite festivals. Listening to students like myself discuss their own anxiety regarding you with the Honorable Prime Minister made me realize I was not alone in my troubles. Hearing Prime Minister Narendra Modiji's fresh and succinct answers also made me realize that I was not alone in my troubles and stress regarding you are not any of our fault, simply that of our perspective. This is all I wished to say. Now that I have nullified all my grievances with you, I feel almost eager for your arrival. I'm sure I shall meet you many times in the future, and I intend, from now on, to relish, and not resent, our meetings.

**BIPASANA BHATTACHARYA**
**Class X,**
**KV-IIT Kanpur**



*Hon'ble Governor of Maharashtra Sh. Bhagat Singh Koshyari witnessed Prime Minister Narendra Modi's interaction 'Pariksha Pe Charcha-2022' in the company of KV students at Raj Bhawan Mumbai.*





Illustration no. 01

J.Shagulwin Jai Keizerr
Class XII
KV. AFS Tambaram

## 3. EXAMTIVAL

It was a fine day
To have on our way
This wonderful chance
When exams advance
And fears never end
To have him as a friend
The PM with words
Said that we like birds
Should dream our own dream
Even when it would seem
That a different path
Could stir parents' wrath
Because our own dreams
Like clear flowing streams
Would carve their own way
Drive the expectations away!
Festival is another name for tests
Treat like you did all the rest
Motivation has no key
But to go on
When you'd rather flee
If tests cause any dread
Remember what he said
Study for study's sake
It's your knowledge at stake!

**Ananya Panwar**
**Class-XII**
**KV No. 1, Colaba**

## 4. परीक्षा पड़ाव है

आपदा की आँच में जो आँख मींच थे खड़े
ओस की जो आस में दुबक के दूब में पड़े

हाथ को ना सूझता था हाथ अंधकार में
तिनका भी साथ ना था बीच मँझधार में

हाट बंद पाट बंद खेत, खीलहान बंद
रेल बंद मेल बंद भोर और बिहान बंद

चूल्हा बंद चौका बंद-बंद व्यापार हुआ,
स्कूल-कॉलेज बंद सारे बंद त्योहार हुआ

हाथ से कलम जो छूटा, शब्द गढ़ना भूल गए
कंठ भूले वर्णमाला, बच्चे पढ़ना भूल गए

मनोबल पस्त हुआ ज्ञान रवि अस्त हुआ,
अज्ञान के तिमिर से बाल-मन पस्त हुआ

आपदा के ढलते ही विद्यालय खुलते ही,
परीक्षा का शंखनाद घर से निकलते ही

विद्यार्थी, बोझ से परीक्षा के दबे हुए
एक कूप से निकलकर खाई में खड़े हुए

हरने को अवसाद दूर करने को विषाद
मित्र बन मोदी जी ने सुन लिया अंतर्नाद

रचने इतिहास को चढ़ने कैलाश को,
साधने असाध्य को बचाने प्रकाश को

सुध लेकर सुविधा का हल निकाला दुविधा का
विद्यार्थियों से साझा करके अनुभव सुधा का

ऑनलाइन ऑफलाइन भेद स्पष्ट हो गया
कोहरा जो व्याप्त था वो अपने आप छँट गया

एक बाँचने को एक साधने को यत्न है
सूत्र सफलता का मात्र निरंतर प्रयत्न है

परीक्षा कोई अंत नहीं परीक्षा पड़ाव है
पर्व-.सा मनाओ यही मोदीजी का सुझाव है

आओ इस परीक्षा पर्व को संपन्न करें
परीक्षा पे चर्चा का मंत्र सुमिरन करें

अब ना अवसाद हो सार्थक प्रयास हो
एक देश एक ऊर्जा देश का विकास हो।

**परमानन्द**
**कला शिक्षक**
**केन्द्रीय विद्यालय नं0 1 वायु स्टेशन, जालहल्ली**




*Students watching 'Pariksha Pe Charcha-2022' at KV Central University Tezpur*




Illustration no. 02

**Ishita**
**Class IX**
**KV. No. IV Ambala Cantt.**

## 5. 'परीक्षा पे चर्चा' ने सिखाया चुनौतियों का सामना करना

परीक्षा पे चर्चा युवाओं के लिए तनाव मुक्त माहौल बनाने और विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करने की एक सकारात्मक पहल है, जिसे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2018 में शुरू किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को एक साथ लाकर ऐसा वातावरण बनाना है जहाँ प्रत्येक बच्चे के व्यक्तित्व को निखारकर उसे प्रोत्साहित किया जा सके।

1 अप्रैल, 2022 का दिन बेहद खास रहा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' को संबोधित किया। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ और इसमें करीब 1000 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री जी ने विद्यार्थियों व शिक्षकों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिये जैसे कि परीक्षा के समय घबराहट और तनाव से कैसे निपटें, ऑनलाइन शिक्षा की चुनौतियाँ, भूलने की समस्या से कैसे बचें, परीक्षा का डर कैसे भगाएँ, बोर्ड परीक्षा की तैयारी कैसे करें आदि। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जी ने अपने संबोधन में बोर्ड परीक्षा और नई शिक्षा नीति से लेकर बालिकाओं के विकास समेत कई मुद्दों पर चर्चा की और विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

मेरे अनुसार यह कार्यक्रम देश के हर विद्यार्थी को देखना चाहिए क्योंकि इस कार्यक्रम से हमें प्रेरणा मिलती है और हमारे मन में उठ रहे कई सवालों के जवाब मिल जाते है। कैसे अपने मन को नियंत्रित रखना चाहिए, परीक्षा के लिए कैसे तैयारी करनी चाहिए, घबराहट और तनाव को कैसे कम करना चाहिए व कैसे स्वयं को शांत रखना चाहिए। साथ ही साथ मुझे यह भी सीखने को मिला कि कैसे हमें हमारे जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करना चाहिए।

**स्वाति कुमारी**
**कक्षा- XII**
**केन्द्रीय विद्यालय क्रं. 1 ए.एफ.एस. तांबरम**

## 6. EXAM STRESS MANAGEMENT STRATEGIES DURING COVID-19

*Asyanshyam maha-baho mano durnigraham chalam*
*abhyasena tu kaunteyvairagyena cha grihyate*

*असंशयं महाबाहो मनो दुर्निग्रहं चलं।*
*अभ्यासेन तु कौन्तेय vवैराग्येण च गृह्यते।।*

**Sri Krishna says**, the mind is indeed difficult to restrain. But by practice and detachment it can be controlled. Stress is a feeling of physical and mental tension. It makes us feel frustrated, nervous, and anxious during our exams.

The strategies to manage stress during exams are,

**Time management:** Time is very precious and it is like a bank. Yesterday is history tomorrow is mystery, today is God's gift, which is why we call it present. We should anticipate work to avoid laziness and fear. One should have a correct planning for time management. Think less and work more.

**Action plan:** Make a time table every day and study accordingly. Relax in between and continue and make it a routine

**Relaxation:** Yoga and meditation- yoga helps in keeping the body and mind fit, helps to improve concentration, memory, imagination, and aids learning which helps in reducing stress during exams and pandemic. Breathing exercises like pranayama, omkara, trataka kriya calms the body and mind.

**Positive thinking:** Think positively and never underestimate ourselves. Never think that anything is impossible, because the word itself says "I am possible". Developing habits such as reading books, listening to music, singing, dancing, gardening, helping parents, playing instruments, drawing, colouring in which the child is interested helps in reducing stress during exams and pandemic. Going for a small walk and being with family members can help improve mental state.

**Change in lifestyle:** During exams we need to change our life style by avoiding junk foods and eat healthy and nutritious food. Keeping oneself hydrated and getting good sleep plays an important role in keeping up positive during exams.


Breathing exercises, taking care of one's body, spending time with family improves self-confidence. Every student should have persistence and dedication towards their goal which leads to success. Along with dedication, commitment, hard work, relaxation and yoga we should also stay focussed on our goal.

Education should be taught to promote simple living and high thinking. Stress management skills should be taught in school so that the students face the exam and pandemic stress effectively.

**Padmapriya S**
**Class IX**
**K.V. Kodagu**



*Students watching Pariksha Pe Charcha-2022 at KV No. 1, Salt Lake, Kolkata.*




Aadya Vala
Class- VIII
KV Kribhco, Surat

Illustration no. 03

## 7. नई दुनिया दिखाई है

तुम्हारी सीख ने हमको नई दुनिया दिखाई है ।
परीक्षा पे हुई चर्चा हमारे काम आई है ॥
हमारे हौसले ऊँचे हुए हैं जोश है मन में
नया आकाश छूने की लगन दिल में समाई है ॥

सखा हो कृष्ण के जैसे हमारे दिल में रहते हो।
हमारे मार्गदर्शक हो तुम्हीं सच बात कहते हो ॥
सफलताएँ हमें हो प्राप्त ऐसी लौ जगाई है ।
परीक्षा पे हुई चर्चा हमारे काम आई है ॥

मिला है जन्म मानव का हमें कुछ सोचना होगा ।
नई मंज़िल नए अवसर नयापन खोजना होगा ॥
तुम्हारा साथ पाकर ज़िंदगी अब मुस्कुराई है ।
परीक्षा पे हुई चर्चा हमारे काम आई है ॥

बदलनी है हमें तक़दीर अपनी ऐ मेरे हमदम ।
किया हमने यही निश्चय नहीं पीछे हटेंगे हम ॥
रुकेंगे मंज़िलें पाकर ही हम सौगंध खाई है।
परीक्षा पे हुई चर्चा हमारे काम आई है ॥

करेंगे नाम रौशन देश का माँ भारती की जय।
हमारी राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली संस्कृति की जय ॥
नयी पीढ़ी बढ़े आगे सदा हिम्मत बढ़ाई है ।
परीक्षा पे हुई चर्चा हमारे काम आई है ॥

डॉ0 नीलिमा मिश्रा
टी जी टी सामाजिक विज्ञान
के वि आईआईआई टी झलवा

## 8. परीक्षा पे चर्चा 2022

परीक्षा पे चर्चा हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2018 में शुरू किया गया था। देशभर के विद्यार्थियों में परीक्षाओं के प्रति सही मनोभाव विकसित करने और परीक्षाओं का भय दूर करने के लिए इस कार्यक्रम की रूपरेखा रची गई थी। 'परीक्षा पे चर्चा 2022' के रूप में 5वाँ संस्करण 1 अप्रैल 2022 को आयोजित किया गया। हर बार की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री जी ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया और उन्हें सही दिशा दिखाई। सबसे पहले बच्चों ने अपने नवाचार और अपने कलात्मक कौशल को प्रधानमंत्री जी के समक्ष प्रस्तुत किया। केन्द्रीय विद्यालय के दो विद्यार्थियों द्वार 3डी प्रिंटर से तैयार किए गये 'मन की बात' मिनी ट्रांजिस्टर से प्रधानमंत्री जी इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने दोनों विद्यार्थियों से उस मिनी रेडियो पर उनके हस्ताक्षर लिए।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए भारत के शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने परीक्षा पे चर्चा-2022 की भूमिका रखी, जिसमें उन्होंने शिक्षा मंत्रालय के विभिन्न क्रियाकलापों की भी चर्चा की। फिर वह पल आ गया जिसका सभी को इंतज़ार था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देशभर के विद्यार्थियों से रु-ब-रु हुए। उन्होंने कहा कि 'परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से विद्यार्थियों को कितना फायदा हो रहा है, पता नहीं, लेकिन मुझे बहुत फ़ायदा हो रहा है। मैं आपके बीच आकर 50 साल छोटा हो जाता हूँ। मैं आपकी उम्र से सीखकर आगे बढ़ने की कोशिश करता हूँ'।

उन्होंने विद्यार्थियों की चिंताओं पर बात की, उनकी परेशानियों पर चर्चा की, साथ ही शिक्षकों और अभिभावकों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। पूरी चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री जी ने वातावरण को बहुत जीवंत बनाए रखा, ताकि विद्यार्थी शांत मन से चर्चा पर ध्यान दें। ऑनलाइन शिक्षा के दौरान सोशल मीडिया की तरफ होने वाले भटकाव के प्रश्न पर प्रधानमंत्री जी ने कहा कि 'आप खुद से पूछिए की जब आप ऑनलाइन पढ़ते हैं तो रीडिंग करतें हैं या रील देखते हैं। हकीकत में दोष ऑनलाइन या ऑफलाइन का नहीं है। आपने अनुभव किया होगा कि क्लास में भी कई बार आपका शरीर क्लासरुम में होगा, आंखें टीचर की तरफ होंगी लेकिन कान में एक भी बात नहीं जाती होगी। क्योंकि आपका मन कहीं और होगा, तो सुनना बंद हो जाएगा। इसका मतलब है कि माध्यम समस्या नहीं है, मन समस्या है'।

चर्चा में प्रधानमंत्री जी ने एक बहुत अच्छी बात भी की 'अभी त्योहारों का समय है छात्र परीक्षा के कारण त्योहार अच्छे से नहीं मना पा रहे हैं, तो क्यों ना परीक्षा को ही त्योहार बना लें और अनुशासन तथा पूर्ण विश्वास के साथ परीक्षा दें'। परीक्षा पे चर्चा का उद्देश्य यह है कि छात्र और उनके माता पिता यह समझें कि परीक्षा जरूरी है परंतु वह ही सब कुछ नहीं। परीक्षा हमारा साथ जीवन भर नहीं छोड़ती, परीक्षा ही है जो हमें यह सिखाती है कि गिर कर उठना ही जीत है।

**ज्योति कुमारी सिंह**
**कक्षा-12**
**केन्द्रीय विद्यालय क्र.1, सूरत**



*Students watching 'Pariksha Pe Charcha-2022' Programme at Dr. Rajendra Prasad Kendriya Vidyalaya, President's Estate.*

## 9. एक परीक्षार्थी का पत्र परीक्षा के नाम

प्रिय परीक्षा जी,

मैं आशा करती हूँ, आप कुशल मंगल होंगे और हमारी भी कुशल चाहते होंगे। शायद आपको याद हो, अभी कुछ दिनों पहले ही हमारी मुलाकात हुई थी। आप हमेशा की तरह एक प्यारी मुस्कान लिए, मेरा इंतज़ार कर रहे थे पर मैं डर से काँप रही थी। मन में विचारों की सुनामी के विरुद्ध संयम रुपी नाव पर अपने कांपते हुए पैरों को जमाने की कोशिश कर रही थी। क्या मेरी तैयारी पूरी है? क्या मुझे हर फार्मूला याद है? क्या मुझसे प्रश्नपत्र हल होगा? मेरे अंदर का आत्मविश्वास, किसी कोने में सुसुप्त था।

मुझे पता था कि आप एक बुरा सपना नहीं अपितु सफल भविष्य हेतु कदम बढाने का एक अवसर हैं। पर यह सब व्यर्थ था। डर और शंका ने मुझे वश में कर लिया। मैं परीक्षा कक्ष में गई और अपने आप को शांत करने का विफल प्रयास किया। मन में फिर से सवालों की श्रृंखला दोहराने लगी। प्रश्नपत्र आया और मैंने उसे पढना शुरू किया। मेरे पैरों तले ज़मीन खिसक गई। पहला प्रश्न ही मुझसे नहीं बन रहा था। तब अचानक मेरी नज़र सामने के दीवार पर लगे पोस्टर पर गई, जिसमें लिखा था 'परीक्षा पे चर्चा'। मैं बहुत शुरुआत से ही माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी द्वारा शुरू की गई इस अनोखी पहल का हिस्सा थी।

मेरे मन में एक आवाज़ गूंजी, प्यारे बच्चों परीक्षा डर नहीं महोत्सव है, इसका आनंद लें। मैने फिर और याद किया कि कैसे माननीय प्रधानमंत्री जी ने हमें समझाया था, परीक्षा हम पहली बार नहीं दे रहे हैं। पूर्ण तैयारी है तो हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे ही। यह सोचते ही मन में सूर्योदय हुआ, सुनामी की खौफनाक लहरें शांत हो गईं। मैने दूसरे प्रश्न पर नज़र डाली। वाह यह तो आसान प्रश्न है। एक मुस्कुराहट के साथ मैने उत्तर लिखना प्रारंभ किया। समय समाप्त होने पर मैने अपनी उत्तरपुस्तिका जमा की। आत्मसंतुष्टि से पूर्ण मुस्कराहट लिए मैंने सोचा, शंका और डर ने मुझे नाहक ही अंधा बना दिया था, जब पूर्ण तैयारी है तो टेंशन किस बात की!

फिर मुझे याद आया कि प्रधानमंत्री जी ने बच्चों से कहा था कि आप परीक्षा को ही पत्र लिख दें। इसलिए मैं आपसे अपने विचार व्यक्त कर रही हूँ। जब तैयारी पूरी हो, तब परीक्षा का भय केवल भ्रम है। इस ज्ञान का भान देश के नायक ने हमें कराया। अगली बार जब आपको कोई घबराया विद्यार्थी मिले तो यह सीख और मेरी कहानी उसे अवश्य बताइएगा। क्या पता उसके मन का तूफान भी शांत हो जाए! आपसे फिर पूरी तैयारी के साथ मिलने के लिए मैं उत्सुक एवं तत्पर हूँ।

दर्शनाभिलाषी

**पायल ठाकुर**
**कक्षा XII**
**डॉ. राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय विद्यालय राष्ट्रपति परिसर, नई दिल्ली**



*Hon'ble Governor of West Bengal Sh. Jagdeep Dhankhar witnessed the 'Pariksha Pe Charcha-2022' Programme along with KV Students at Raj Bhawan Kolkata.*




Illustration no. 04

**Dharuv, VIII**
**Anjali, X**
**Tanisha, X**
**K V No.2, AFS, Adampur**

## 10. INSPIRATIONAL QUOTES BY HONORABLE PRIME MINISTER

**1. See Exam as an Opportunity**

"In the long span of life, an exam is just one of the opportunities to challenge yourself. The problem arises when you look at it as the end of all your dreams, as a life-and-death question. Take any exam as an opportunity. Actually, we must keep looking out for such challenges rather than run away from them."

**2. Eliminate Term 'Career' from your mind**

"You should eliminate the term 'career' from your mind and rather should focus on doing something for your own betterment."

**3. Don't Judge your child on the Basis of Marksheets**

"Nowadays" some parents are so busy that they do not have the time to get involved with their children in the real sense, as a result of which, they look at the marksheet to understand their child's potential because of which the assessment of children has become restricted just to their results. But there is more to children than just their marks, which the parents miss observing."

**4. Self-confidence is very important**

"Self-confidence is very important. It's not a pill or herb. There is no tablet that can be consumed for instant confidence. We have to build it everyday.

**5. Do not compete with others**

"Do not compete with others, compete with yourself. Live free. Lead your life thinking that you want to 'do' something, not 'be' something."

**RITYUSHA MISHRA**
**CLASS- XII**
**KV NO-2, CRPF, BHUBANESWAR**

## 11. परीक्षा की तैयारी

आत्मविश्वास तैयारी से ही पैदा होता है। तैयारी से आशय योजनाबद्ध ढंग से अभ्यास करना और परीक्षा का तनाव या दबाव बिना की जाने वाली तैयारी से होता है।

किसी क्षेत्र में सफलता दिलाने वाली बढ़त तैयारी से ही मिलती है।

तैयारी = उद्देश्य+नियम+योजना+अभ्यास+दृढ़ता+धैर्य+आत्मगौरव= बिना चिंता सफलता

तैयारी का मतलब यह होता है कि हम असफलता को सह तो लें पर उसे स्वीकार न करें। इसका मतलब स्वयं को निराश और हताश महसूस किये बिना हार का सामना करने का हौसला रखना। तैयारी का मतलब होता है, अपनी गलतियों से सीखना गलती करना कोई बुरी बात नहीं है। हम सभी गलती करते हैं, लेकिन गलती को दुहराने वाली मूर्खता नहीं करनी चाहिए। गलती करके उसे न सुधारने वाला व्यक्ति और बड़ी गलती करता है।

किसी गलती को संभालने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि-
• उसे जल्दी से जल्दी स्वीकार कर लिया जाए।
• उसमें उलझा न जाए।
• उसे दुहराया न जाए।
• दूसरों को दोष न दिया जाए और बहाने न बनाया जाए।

तैयारी न होने से दबाव महसूस होता है। तैयारी, अभ्यास और मेहनत से दबाब खत्म हो जाता है। केवल मन की इच्छाओं और अभिलाषाओं से कोई परिणाम नहीं निकलता। हमको एक अच्छी तैयारी जीवन की किसी भी परीक्षा में बेहतर परिणाम बिना किसी दबाव या चिंता के दिला सकती है।

हम में दृढ़ता इन बातों से आती है-

• उद्देश्य
• योजना
• तैयारी
• गर्व

• धैर्य
• अभ्यास
• सिद्धांत
• सकारात्मक नजरिय

**अपने आप से पूछिए-**

- क्या परीक्षा को लेकर स्पष्ट उद्देश्य हमारे पास है?
- क्या इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए कोई योजना है?
- क्या परीक्षा की तैयारी के लिए हम प्रयास कर रहे हैं?
- हम किस हद तक आगे बढ़ना चाहते हैं?
- परीक्षा के दबाबों को झेलने का धैर्य हम में है या नहीं?
- क्या बेहतर परिणाम के लिए लगातार अभ्यास कर रहे हैं?
- क्या हम अपने कार्य-प्रदर्शन पर गर्व करते हैं?
- क्या हमारे पास "मैं यह कार्य या परीक्षा में बेहतर कर सकता हूँ" वाला नजरिया है?

मैंने एक छोटा सा प्रयास किया है- परीक्षा की तैयारी को समझाने का। मुझे आशा है कि यदि उपरोक्त बातों को ध्यान में रखकर हम प्रयास करें तो निश्चित ही परीक्षा में दबाब नहीं उत्साह होगा और सफलता निश्चित रुप से कदमों को चूमेगी।

**श्रुति दुबे**
**कक्षा- VII**
**केन्द्रीय विद्यालय- भिण्ड मध्य प्रदेश**




*Students watching 'Pariksha Pe Charcha-2022' Programme at KV Kanjikode*




Illustration no. 05

**Sreemayee**
**Class - X**
**KV UOH Campus**

## 12. परीक्षा पे चर्चा-दोहे

हुई परीक्षा पे चर्चा, बढ़ा हमारा ज्ञान।
हमने पीएम को सुना, खूब लगाकर ध्यान।।

दिल्ली का स्टेडियम , तालकटोरा नाम।
सीधा प्रसारित हुआ , कार्यक्रम अभिराम।।

शिक्षक अभिभावक जुड़े, जुड़ा समूचा देश।
हर विद्यार्थी हो गया , उस दिन वहाँ विशेष।।

मोदी सर का क्लास कर, कम हो गया तनाव।
ज्ञानवर्धक प्रेरक बड़े, हमको मिले सुझाव।।

खुशियाँ छाईं हर तरफ, हम सब हुए निहाल।
मुस्काईं सब बेटियाँ, हँसे देश के लाल।।

खुशी
कक्षा – XII
के.वि. चितरंजन



*Students watching 'Pariksha Pe Charcha-2022' at KV Chittaranjan, West Bengal.*

## 13. PPC - 2022: WHAT WE CAN LEARN

Pariksha Pe Charcha is an annual event in which our Hon'ble Prime Minister responds to questions related to examination stress and pertaining areas posed by students. This he does in his uniquely engaging style in a live programme.

Students should not be pressurized by teachers and parents to score good marks. The unfulfilled dreams of parents and teachers should not be forced upon children. They should be allowed to decide their future freely and follow their dreams. "Parents sometimes fail to closely observe the strength and interests of their children. We should understand that every child is blessed with something extraordinary that parents and teachers fail to discover a lot of times".

He further explained that online education is based on the principle of attaining knowledge while offline education is regarding sustaining that knowledge and practically applying it further. Skills are quite important across the world. Technology is not a bane, it should be used effectively. Today students are developing 3D printers and running apps for Vedic mathematics. They are efficiently using technology.

Further highlighting that outdated ideas and policies from the 20th century cannot guide the country's development trajectory in the 21st century, the Prime Minister said, "We have to change with the times. NEP is actually 'National Education Policy". So many people were involved in drafting the policy. We were brainstorming on it for the last 6-7 years. We took the advice of teachers and students from far-flung areas along with modern intellectuals."

The Prime Minister also advised the students to find out what makes them happy and indulge in activities they enjoy to keep themselves motivated. There is no injection or formula for motivation. Instead, discover yourself better. Find out what makes you happy and work on that. Do things that you enjoy.

**Things that we can learn from Pariksha Pe Charcha 2022:**

- Examination is not the end of life.
- Consider exam as an opportunity not as a burden. Actually exam is a kind of festival.
- Have faith on yourself because you have all the qualities.
- You will decide your future not others.
- Be your own master and celebrate your victory.
- Be clear from your side and observe your achievements.
- Decide your aim, divide it into parts and move towards it stepwise.
- Your aim should be in your reach not in your catch.
- Work hard with full determination. Then you will reach your aim.
- Don't give excuse because it is the sign of failure. Accept your fault and try to improve it in place of making excuses.
- You have enough time to do everything, there is no lack of time, there is lack of time management.
- Always try to acquire knowledge, marks will follow you.
- Respect your parents because they are your well wishers.
- Try to destress yourself by playing exercising etc., for at least one hour every day.
- You should be like an eagle, willing to learn.
- Desire and expectation help to move forward in your life. These are not at all bad.
- Always dream big.
- Enjoy your small achievements.

**Shakti Prada Pradhan**
**Class- XII**
**KV No. 2 CRPF, Bhubaneswar**




Illustration no. 06

**Neetu Rajwade**
**Class-VIII**
**K.V. Baikunthpur**

## 14. आओ परीक्षा पर्व मनाएँ

नहीं आपदा, अवसर है यह,
श्रम का प्रतिफल पाने का।
नए शिखर को छूकर के,
जीवन को सफल बनाने का।

तन-मन में उल्लास सँजोकर,
नित-प्रति आगे क़दम बढ़ाएँ,
आओ परीक्षा पर्व मनाएँ।

बस अंक उपार्जन लक्ष्य नहीं हो
ज्ञानार्जन हो ध्येय हमारा।

व्यक्ति-पूजा छोड़
गुणों की पूजा में ही ध्यान लगाएँ।
जहाँ मिलें सद्गुण, अपनाएँ ।।

आओ परीक्षा पर्व मनाएँ।

मन में हो संकल्प-शक्ति तो,
कोई लक्ष्य असंभव न है।

श्रम-सीकर से पिघल सके न
ऐसा कोई शिखर कहाँ है?
अभ्यास, सतत् श्रम और लगन से,
सारे जटिल प्रश्न सुलझाएँ,
आओ परीक्षा पर्व मनाएँ।।

**आशीष जैन**
**स्नातकोत्तर शिक्षक, हिंदी**
**केंद्रीय विद्यालय क्र. 2, भोपाल**

## 15. EXAMINATION

The examination is a part of excelling in the academic process. It is the way which helps in the evaluation and assessment of the students' progression. It brings along with it stress, anxiety, and fear in the students. The major reason for the stress of the examination is because of the notion that attaining good marks is the only way to judge the students. In order to beat the stress of the examination, the student needs to be prepared for it from beforehand. The student must take the examination as a process of evaluating himself and not as a burden. Examinations are important but increase the stress level of the students. This is further compounded by parental and teachers' expectations. Examination are a necessary evil, with examination fever a reality. Examinations confine teachers and students of the year. Teachers are under compulsion to complete the same syllabus timely and for students the syllabus is the goal for doing well in the examination. They determine whether a student is fit for promotion to the next class or not. Students are thus under a lot of stress to perform well in examinations. It would not be wrong to say that examinations are hurdles in making a child actualize his true potential. They are rightly denounced as a system which encourages only rote memory and are not a true test of one's knowledge, potential and ability. A child, who may be good in music, may not be able to devote enough time to excel in it as he is always under the pressure of studying that he can perform well in the examination; the result is that talent is nipped in the bud.

**Tejvir Padda**
**Class - VIII**
**KV No. 2 AFS Halwara**

## 16. जीवन ही एक परीक्षा है

मत डरो परीक्षा से यारों, जीवन ही एक परीक्षा है।
योजनानुसार अध्ययन करें, समयानुसार ही शयन करें,
एके साधे सभी सधे, सम्यक यदि तेरी शिक्षा है
मत डरो परीक्षा से यारों, जीवन ही एक परीक्षा है।

चाहते जीवन में नहीं रोना, समय को ब्यर्थ तू मत खोना।
मिलेंगे तुमको पथ अनेक, विचलित मंजिल से मत होना
हे पार्थ तन्मय तुम हो जाओ, यही हमारी दीक्षा है
मत डरो परीक्षा से यारों, जीवन ही एक परीक्षा है।

माता-पिता शिक्षक की इच्छा, सर्वोत्तम अंक लाए शिक्षा,
जो कर न सका वह पुत्र करे, तेरी तो यही समीक्षा है।
मत डरो परीक्षा से यारों, जीवन ही एक परीक्षा है।

खेल खेल में सीख जाओ, पेपर को देख न घबराओ,
सभी प्रश्नों को कर जाओ, मन में यदि तितिक्षा है।
मत डरो परीक्षा से यारों, जीवन ही एक परीक्षा है ।

शिव कुमार पाण्डेय
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (सामाजिक विज्ञान)
केंद्रीय विद्यालय बीएचयू वाराणसी




Illustration no. 07

**Priyakshi Khaklary**
**कक्षा- IX**
**K V BSF Krishnanagar**

## 17. 'गुणों के पुजारी बनें'

परीक्षा पे चर्चा-2022 कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 'जीवन में आनंद की अनुभूति करनी है तो अपने आप में एक क्वालिटी विकसित करने की कोशिश करनी चाहिए वो है- गुणों के पुजारी बनना। इससे सामने वाले को तो ताकत मिलती ही है, हमें भी ताकत मिलती है। जहाँ भी कुछ अच्छा देंखे उसे ऑब्जर्व करें, ईर्ष्या भाव पनपने न दें। हम औरों की शक्तियों को जानने समझने का सामर्थ्य विकसित करेंगे तो उन विशेषताओं को अपने अन्दर लाने का सामर्थ्य अपने आप विकसित हो जाएगा, जीवन में जहां भी मौका मिले, जो सामर्थ्यवान है, उसके प्रति आपका झुकाव होना चाहिए, मन में कभी प्रतिशोध की भावना नहीं होनी चाहिए।' मुझे इस कार्यक्रम से यह सबसे बड़ा सबक मिला।

### प्रतियोगिता जीवन की सबसे बड़ी सौगात

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि कॉम्पिटिशन को जीवन की सबसे बड़ी सौगात मानना चाहिए, जिन्दगी में प्रतियोगिता को निमंत्रण देना चाहिए, यह खुद को आगे बढ़ाने का अच्छा माध्यम है, हम अपनी समीक्षा करके खुद को बेहतर कर पाते हैं, आज अगर कॉम्पिटिशन ज्यादा है तो च्वाइस भी ज्यादा है।

### पढ़ाई करने का सही टाइम क्या है?

